देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विवि परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस शर्मा ने योगासन करवाए। इसमें कुलपति डॉ. नरेंद्र धाकड़, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा समेत विवि के समस्त प्रोफेसर, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी समेत एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया।

नई दुनिया

देअविवि में भी हुआ योग

योग अध्ययनशाला (देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पांचवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 6.30 बजे विश्वविद्यालय तक्षशिला परिसर स्थित सभागृह प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम किया गया। इसमें लगभग 1000 लोगों ने भाग लिया। शुरुआत कुलपति डॉ. नरेन्द्र कुमार धाकड़ ने दीप प्रज्वलित करके की। योगासन का सामूहिक अभ्यास अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस. शर्मा ने कराया। इसी अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला के विद्यार्थियों द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले विभागीय समाचार पत्र प्रयोग के नवीन अंक का विमोचन कुलपति द्वारा किया गया जो कि योग विषय पर आधारित है। इस मौके पर प्रभारी कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, जनसंचार अध्ययनशाला की प्रभारी डॉ. नरगुंदे सहित विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



दबंग दुनिया

22.06.2019.

डीएसडब्ल्यू की वेबसाइट बना रहे आईईटी के विद्यार्थी

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) की अलग वेबसाइट बनाई जा रही है। अभी तक यह यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से अटैच है। कॉलेजों में रैगिंग से लेकर विद्यार्थियों के साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों तक के कार्यों में डीएसडब्ल्यू ऑफिस की बड़ी भूमिका है। इसकी नई वेबसाइट को नेक की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। यूनिवर्सिटी में नेक की तैयारियां अब अंतिम दौर में है। इसके लिए डीएसडब्ल्यू की वेबसाइट बनाई जा रही है। इस वेबसाइट में अभी तक यूनिवर्सिटी को सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में मिली उपलब्धियों को विशेष रूप से दर्शाया जाएगा। पिछले सालों ,में हर बार यूनिवर्सिटी ने स्टेट से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीते।

स्वदेश